मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-19
07/01/2020

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया में जल–जीवन–हरियाली से संबंधित प्रमण्डलस्तरीय समीक्षा बैठक की

पटना, 07 जनवरी 2020 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में पूर्णिया समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित पूर्णिया प्रमंडल के अंतर्गत पूर्णिया, अररिया, किशनगंज एवं कटिहार जिलों की संयुक्त समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में सार्वजनिक कुंओं, चापाकल, आहर, पईन का जीर्णोद्धार, नलकूपों, कुओं एवं चापाकल के किनारे सोख्ता निर्माण, जल संरक्षण संरचना, छोटी–छोटी नदियों, नालों, पहाड़ी क्षेत्रों में चेक डैम एवं जल संचयन की अन्य संरचनाओं का निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सरकारी भवनों पर छत वर्षा जल संचयन, पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इसके साथ ही सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नालियाँ, राज्य में बची सभी संपर्क विहीन बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, ऊर्जा विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत रूप से विमर्श किया गया। ऊर्जा विभाग के अंतर्गत जर्जर तारों का बदलाव, पावर सब स्टेशन के निर्माण से संबंधित जानकारी भी दी गई। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं शिकायतों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपनी बातें रखीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निष्पादन के लिये आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने अररिया जिले में सार्वजनिक कुंओं का पुनः अध्ययन कराने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कटिहार में ऑर्गेनिक फार्मिंग को और अधिक प्रमोट कराने की आवश्यकता है, जिन 12 जिलों में जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है, उसमे कटिहार जिले को भी जोड़िये। उन्होंने कहा कि पूर्णिया की गुलाबबाग मंडी की जर्जर स्थिति है, इसे जल्द ठीक करें। भूमि अधिग्रहण में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए सभी सांसदों, विधायकों एवं विधान पार्षदों से सहयोग करने की मुख्यमंत्री ने अपील की। उन्होंने कहा कि आप लोगों के प्रस्ताव पर अगर कोई काम शुरू होता है तो उसमें आने वाली समस्याओं के समाधान में भी आगे बढकर मदद करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कटिहार बस स्टैंड बनकर तैयार हो गया है, उसे तत्काल नई जगह पर शिफ्ट कराइये। आयुक्त, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद अध्यक्ष और नगर निकाय अध्यक्षों की समस्याओं को उनके साथ बैठक कर तत्काल उसका निपटारा करें।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों से 19 जनवरी 2020 को जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं नशामुक्ति के पक्ष में और बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होने का आग्रह किया। साथ ही क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता मानव श्रृंखला में सुनिश्चित हो, इसके लिए लोगों को प्रेरित करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आप सबकी सहमति से ही यह

अभियान चल रहा है। 13 जुलाई 2019 को बैठक में विधायकों एवं विधान पार्षदों ने वक्तव्य दिया था। इसके बाद ही इस अभियान के ग्यारह अंश बनाकर जिला परामर्शदात्री समिति का गठन भी किया गया और अब तक हम 34 जिलों का दौरा भी कर चुके हैं। शेष 4 जिलों में 9 और 10 जनवरी को जाकर जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों को देखेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी के क्षेत्र में अगर आहर, पईन, पोखर, तालाब, सार्वजनिक कुएँ अगर इस अभियान से वंचित रह गये हैं तो संबंधित विभागों को इसकी सूचना दें। निजी जलाशयों, कुंओं के लिए पहले से प्रावधान हैं, इसके बाद भी अगर जरूरत पड़ी तो सरकार की तरफ से मदद की जायेगी।

समीक्षा बैठक में विधि एवं लघु जल संसाधन मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री रामनारायण मंडल, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, गन्ना उद्योग मंत्री श्रीमती बीमा भारती, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री विनोद कुमार सिंह, पर्यटन मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह, सांसद श्री दुलाल चंद गोस्वामी, विधायक श्रीमती लेसी सिंह, विधायक श्री शकील अहमद खां, विधायक श्रीमती पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान, विधायक मो0 आफाक आलम, विधायक श्री अचमित ऋषिदेव, विधायक श्री आबिदुर रहमान, विधायक श्री विद्यासागर केशरी, विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद, विधायक श्री विजय कुमार मंडल, विधायक श्री विजय खेमका, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, संबंधित विभागों के एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पूर्णिया प्रमंडल की आयुक्त श्रीमती सफीना ए0एन0, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, चारों जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******